राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषिप्रबंध संस्थानपरिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(107)RSSB / अर्थना / प्रा.शि. / अध्यापक / L-2 / भर्ती / 2022 /2169 दिनांक 20.06.2023

–:: विज्ञप्ति ::–

प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (लेवल–1 एवं लेवल–2) सीधी भर्ती–2022

बोर्ड द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (लेवल–1 एवं लेवल–2)सीधी भर्ती परीक्षा–2022 हेतु विज्ञप्ति दिनांक 16.12.2022 को जारी कर कुल 48000 पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे। इन पदों का संशोधित वर्गीकरण दिनांक 19.05.2023 एवं दिनांक 24.05.2023 को जारी किया गया। बोर्ड द्वारा इन पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 25.02.2023 से दिनांक 01.03.2023 तक परीक्षायें आयोजित करवाई गई।

प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (लेवल–1) सीधी भर्ती परीक्षा–2022 का परीक्षा परिणाम दिनांक 25.05.2023 एवं संशोधित परीक्षा परिणाम दिनांक 14.06.2023 को 21000 पदों के विरूद्ध लगभग 02 गुणा 41546 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध किया गया है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (लेवल–2)सीधी भर्ती परीक्षा–2022 का परीक्षा परिणाम सामाजिक अध्ययन विषय का दिनांक 02.06.2023, गणित–विज्ञान विषय का दिनांक 07.06.2023, अंग्रेजी, सिंधी, पंजाबी, उर्दू विषय का दिनांक 09.06.2023 एवं संस्कृत तथा हिन्दी विषय का दिनांक 14.06.2023 को जारी कर कुल 27000 पदों के विरूद्ध लगभग 02 गुणा 51369 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध किया गया है। उक्त भर्ती में दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन के संबंध में अभ्यर्थियों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है :–

1. **दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र दिनांक 21.06.2023 से दिनांक 30.06.2023 तक ऑनलाईन ही भरेंगे तथा दस्तावेज सत्यापन का शुल्क भी ऑनलाईन जमा करवायेंगे। उक्त विस्तृत आवेदन को भरने के लिए अभ्यर्थी को अपनी SSO ID पर जाकर RECRUITMENT PORTAL पर जाकर MY RECRUITMENT उसके बाद DETAILED FORM CUM SCRUTINY पर जाकर संबंधित भर्ती के नाम_के लिंक के सामने Apply Now पर जाकर विस्तृत आवेदन भर 100/– रूपये शुल्क जमा करावें।**
2. अभ्यर्थी उक्त ऑनलाईन विस्तृत आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर इसकी दो प्रति एवं जमा फीस की प्रति प्रिन्ट कर दस्तावेज सत्यापन के लिए अपने साथ लायेगा।
3. सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन हेतु निर्धारित कार्यक्रम के संबंध में अलग से सूचित किया जायेगा।

(संजय कुमार माथुर)
सचिव